भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1410
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

ई-खेल पाठशाला योजना

1410. श्री अनुराग शर्माः
श्री सी. आर. पाटिल:
श्री संगम लाल गुप्ता:
डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:
श्री पी. पी. चौधरी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार की ई-खेल पाठशाला योजना के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ग) ई-खेल पाठशाला के अंतर्गत ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले ई-लर्निंग प्लेटफार्म का ब्यौरा क्या है;

(घ) ई-खेल पाठशाला में प्रशिक्षित लक्षित लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) प्रशिक्षण के लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षकों और सामुदायिक प्रशिक्षकों को चुनने के लिए चयन मानदंड क्या हैं;

(च) झांसी, नवसारी, प्रतापगढ़, देवरिया और पाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से चयनित और प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों और सामुदायिक प्रशिक्षकों की संख्या कितनी है;

(छ) क्या सरकार की योजना केवल फाउंडेशन स्तर के पाठ्यक्रमों को जारी रखने या उच्च स्तर के पाठ्यक्रमों को शामिल करने की है ताकि खेलों में ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर ढंग से पहचाना और प्रशिक्षित किया जा सके; और

(ज) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) ई-खेल पाठशाला योजना का लक्ष्य और उद्देश्य भूगोल**,** समय और मानव संसाधन की बाध्यताओं को दूर करते हुए स्कूली छात्रों**,** उदीयमान खिलाड़ियों**,** शारीरिक शिक्षा शिक्षकों**,** सामुदायिक कोचों आदि के लिए जमीनी स्तर पर सुलभ**,** मानकीकृत**,** स्तर-आधारित ऑनलाइन खेल प्रशिक्षण प्रदान करना है ।

(ख) सरकार ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं :

- इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), साई लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कॉलेज (एलएनसीपीई), खेलो इंडिया और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के बीच समन्वय किया गया है ।
- हितधारकों, शैक्षणिक संस्थानों, विषय विशेषज्ञों, प्रतिष्ठित कोचों/एथलीटों और राष्ट्रीय खेल परिसंघों के परामर्श से एक प्रोफेशनली डिजाइन किया गया पाठ्यक्रम और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री विकसित की गई है ।
- 10,000 व्यक्तियों के यूजरबेस को समायोजित करने के लिए एक लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) डिजाइन किया गया है जो उन्नत खेल शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।
- विकल्पों की व्यापक श्रेणी प्रदान करने के लिए खेल विधाओं की संख्या को बढ़ाकर तेरह (13) तक कर दिया गया है ।

(ग) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) को विशेष रूप से ई-लर्निंग के लिए डिज़ाइन किया गया है जिससे उपयोगकर्ताओं को शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रमों की वीडियो सामग्री उपलब्ध होगी । एलएमएस इंटरफ़ेस में यूजर-फ्रेंडलीनेस को प्राथमिकता दी गई है ताकि उपयोगकर्ता आसानी से नेविगेट कर सकें और अपने सीखने के अनुभव के लिए इसका उपयोग कर सकें । एलएमएस में एक साथ दो से तीन कक्षाओं को आयोजित करने की सुविधा है जिससे प्रशिक्षकों और शिक्षार्थियों के लिए एक साथ कई पाठ्यक्रमों में शामिल होना संभव हो जाता है । यह एक साथ कई परीक्षाओं का समय निर्धारित करने और आयोजित करने में भी सक्षम है । यह प्लेटफ़ॉर्म लचीलापन प्रदान करता है और विभिन्न वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल के एकीकरण की सुविधा प्रदान करता है ।

(घ): लक्षित लाभार्थी शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पीईटी), सामुदायिक कोच, स्कूल शिक्षक, वरिष्ठ एथलीट और अभिभावक हैं । इस प्रयोजन के लिए पात्रता मानदंड 18 वर्ष की आयु और शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा है ।

(ङ): प्रशिक्षण के लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षकों और सामुदायिक कोचों के चयन मानदंड का विवरण निम्नानुसार है :

- **प्रारंभिक स्तर:** स्कूल शिक्षक, सामुदायिक कोच, शारीरिक शिक्षा शिक्षक, वरिष्ठ एथलीट और अभिभावक जिनकी आयु 18 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा हो ।
- **फाउंडेशन स्तर:** वे शारीरिक शिक्षा शिक्षक और उपयोगकर्ता जो प्रारंभिक स्तर पूरा कर चुके हैं, जिनकी आयु 18 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा है ।

(च) उत्तर प्रदेश राज्य से कुल 1025 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों और सामुदायिक कोचों को प्रशिक्षित किया गया है । तथापि, इस मंत्रालय द्वारा लाभार्थियों का संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार विवरण नहीं रखा जाता है ।

(छ) और (ज) : अनुमोदित योजना के अनुसार इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण के निम्नलिखित चार स्तर हैं :

1. प्रारंभिक स्तर पाठ्यक्रम
2. फाउंडेशन स्तर पाठ्यक्रम
3. प्री-बेसिक खेल कोचिंग पाठ्यक्रम
4. बेसिक खेल कोचिंग पाठ्यक्रम

जो लाभार्थी इन चार स्तरों को सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं, वे साई नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस), पटियाला द्वारा आयोजित खेल कोचिंग में छह सप्ताह के सर्टिफिकेट कोर्स के लिए पात्र बन जाते हैं ।

****